भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2505

13 **फरवरी**, 202**6 को उत्तर के लिए**

ऐतिहासिक युद्धक्षेत्रों के पर्यटन को बढ़ावा देना

2505. श्री अनिल यशवंत देसाई :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने घरेलू और विदेशी पर्यटकों को हमारे इतिहास की पुस्तकों में वर्णित प्रमुख ऐतिहासिक युद्धक्षेत्रों से परिचित कराने के लिए कोई योजना या पहल शुरू की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कुरुक्षेत्र, हल्दीघाटी, प्लासी, पानीपत और अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक युद्धक्षेत्रों को ऐसी किसी पहल में शामिल करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के बीच ऐसी योजनाओं को लोकप्रिय बनाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख) जी हां, रक्षा मंत्रालय ने पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से 15 जनवरी 2025 को भारत रणभूमि दर्शन पहल का शुभारंभ किया है, जिसका उद्देश्य अनन्य रूप से भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदान को समर्पित शौर्य गाथाओं और शौर्य गंतव्य स्थलों का प्रदर्शन और प्रचार करना है।

(ग) भारत रणभूमि दर्शन पहल विशेष रूप से उन युद्धक्षेत्रों पर केंद्रित है जहां स्वतंत्रता के बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा इतिहास रचा गया था।

(घ) इस पहल का सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार किया गया है। इसके अतिरिक्त, युवाओं के बीच इस पहल को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली के स्कूली बच्चों के लिए भारत रणभूमि दर्शन क्विज़ का भी आयोजन किया गया था।

*****